दिनांकः 05.01.2025 समय : 18.30 पीएम

# आकाषवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेषिक समाचार

- उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने देश के विकास के लिए राष्ट्रवाद, संगठन और राष्ट्र प्रथम दृष्टिकोण को जरूरी बताया।
- केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि पिछले कुछ हफ्तों में चीन में फैले एचएमपी वायरस से घबराने की आवश्यकता नहीं– मंत्रालयकी ओर से स्थिति की कड़ी निगरानी।
- गुरू गोविन्द सिंह जी की जयंती कल–राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी।
- राज्य में आगामी 4–5 दिनों में मौसम शुष्क रहने तथा अधिकांश भागों में तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस गिरावट के आसार।

0000

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड ने कहा है कि कोई भी देश तब तक आगे नहीं बढ सकता, जब तक कि उसके नागरिक राष्ट्रवाद के प्रति पूरी तरह समर्पित न हों। दिल्ली में आयोजित एन सी सी गणतंत्र दिवस शिविर को सम्बोधित करते हुए श्री धनखड ने कहा कि भारत के विकास के लिए राष्ट्रवाद, संगठन और राष्ट्र प्रथम दृष्टिकोण की आवश्यकता है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि देश का बदलाव पांच बुनियादी सिद्धांतों– सामाजिक सौहार्द, जमीनी स्तर पर देशभक्ति के मूल्यों की सीख देने, पर्यावरण संबंधी जागरूकता, आत्मनिर्भरता और नागरिक कर्तव्यों पर निर्भर है। श्री धनखड ने लोगों और युवाओं से आग्रह किया कि वे भारत को अनुशासन और शिष्टाचार वाले गौरवशाली देश में परिवर्तित करने के लिए इन पांचों सिद्धांतों का पालन करें।

000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि पिछले कुछ हफ्तों में चीन में फैले एचएमपी वायरस से घबराने की आवश्यकता नहीं है। मंत्रालय ने कहा कि वह स्थिति पर कड़ी निगरानी रख रहा है। मंत्रालय ने लोगों को भी

सावधानी बरतने को कहा है। मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद –आईसीएमआर एचएमपी वायरस के परीक्षण के लिए प्रयोगशालाओं की संख्या में वृद्धि करेगी और समूचे वर्ष के दौरान इस वायरस की प्रवृत्तियों पर निगरानी सुनिश्चित करेगी। मंत्रालय के संयुक्त निगरानी समूह ने कहा कि आईसीएमआर और आईडीएसपी नेटवर्कों के जरिए इन्फ्लुएंजा जैसी बीमारी और इन्फ्लुएंजा के लिए श्वसन संबंधी गंभीर बीमारी को लेकर निगरानी प्रणाली भारत में पहले से मौजूद है।

000

केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच.डी कुमारस्वामी इस्पात उद्योग के लिए 'पीएलआई योजना 1.1 का शुभारंभ करेंगे। इस पीएलआई योजना से 27,106 करोड़ रुपये के निवेश, 14,760 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार और करीब 8 मिलियन टन 'स्पेशलिटी स्टील' के अनुमानित उत्पादन को चिन्हित किया गया है। नवंबर 2024 तक, कंपनियों ने पहले ही 18,300 करोड़ का निवेश कर दिया है और 8,660 से अधिक रोजगार अवसर सृजित किए हैं।

000

जयपुर के भांकरोटा गैस टैंकर अग्निकांड के हताहतों को आर्थिक सहायता हस्तान्तरित करने का काम शुरू हो गया है। इसके तहत मृतकों के आश्रितों के बैंक खातों में मुख्यमंत्री सहायता कोष से कुल एक करोड़ रुपये की राशि हस्तांतरित कर दी गई है।

.......................

इसके अलावा राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को 2 लाख रूपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार रूपये की आर्थिक सहायता दिलाने

के लिए जयपुर जिला प्रशासन की ओर से सभी आवश्यक कार्यवाही पूरी की जा चुकी है।

000

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी आज अजमेर, ब्यावर और पाली जिले के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कार्यक्रमों में शिरकत की। उन्होंने अजमेर के हरिभाऊ नगर के नये पुलिस थाने का उद्घाटन किया।ब्यावर में उन्होंने जिला अस्पताल के आवंटित भूमि का पूजन कर शिलान्यास किया। इस दौरान जिला कलेक्टर ने बताया कि जिला अस्पताल के लिए 30बीघा जमीन आवंटन के साथ ही मेडिकल कॉलेज के लिए भी भूमि आरक्षित की गई है। वहीं पाली में श्री देवनानी अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के 60वें प्रान्त अधिवेशन का उद्घाटन किया। उन्होंने शिक्षा को रोजगारोन्मुखी बनाने पर जोर दिया।

----------------

000

गुरू गोविन्द सिंह जी की जयंती कल मनाई जाएगी। प्रकाशोत्सव को लेकर हनुमानगढ जिले के टिब्बी कस्बे में आज नगर कीर्तन निकाला गया। नगर कीर्तन की शुरूआत श्री गुरुद्वारा सिंह सभा से पंज प्यारों की अगुवाई में हुई। नगर कीर्तन का गांव में जगह–जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने खालसा पंथ के संस्थापक दशवें गुरू गोविन्द सिंह जी के प्रकाशोत्सव के अवसर पर शुभकामनाएं दी है। श्री बागडे ने अपने संदेश में कहा कि गुरू गोविन्द सिंह सिंखों के दसवें गुरु होने के साथ ही संत सिपाही थे। उनका सम्पूर्ण जीवन त्याग, तपस्या और बलिदान के गुणों से ओतप्रोत था। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने भी गुरू

गोविन्द सिंह जी की जयंती पर प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर प्रदेशवासियों से गुरू गोविन्द सिंह जी के जीवन मूल्यों को आत्मसात करने का भी आव्हान किया।

000

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक —नाबार्ड के अध्यक्ष शाजी के वी ने कहा है कि नई दिल्ली में चल रहे ग्रामीण भारत महोत्सव के माध्यम से ग्रामीण भारत की उद्यमिता की भावना और सांस्कृतिक धरोहर का प्रदर्शन किया जा रहा है। श्री शाजी ने कहा कि इस महोत्सव का उद्देश्य ग्रामीण भारत के उत्पादों को शहरी उपभोक्ताओं के समक्ष लाना है। उन्होंने बताया कि इस महोत्सव में जीआई टैग वाले उत्पादों, जैविक उत्पादों और महिला उद्यमियों तथा जनजातीय लोगों के उत्पादों को प्रदर्शित किया जा रहा है। श्री शाजी ने बताया कि वित्तीय सेवाएं विभाग और नाबार्ड की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित इस महोत्सव में चर्चा और कार्यशालाओं के माध्यम से ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने, आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था के निर्माण और ग्रामीण समुदायों में नवाचार को बढावा देने पर ध्यान केन्द्रित किया गया है।

000

जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा में कल हुये सड़क हादसे में मरने वाले सेना के चार जवानों में से दो राजस्थान के हैं। इनमें से एक जवान नितिश यादव बहरोड के रिवाली गांव के थे। वहीं हवलदार हरिराम रेवाड नागौर जिले के राजोद गांव के थे। रेवाड की पार्थिव देह चढ़ीगढ से उनके पैतृक गांव राजोद लायी जा रही है। जहां उन्हें अंतिम विदाई दी जायेगी।

000

प्रदेश के ज्यादातर स्थानों पर तापमान में बढ़ोतरी होने से लोगों को सर्दी से राहत मिली है। राज्य में सबसे कम 6 दशमलव 4 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान माउंट आबू में दर्ज हुआ। टोंक के वनस्थली में 6 दशमलव 9, अलवर में 7 दशमलव 2, सिरोही में 7 दशमलव 9, डबोक में 9 दशमलव 1, जैसलमेर में 8 दशमलव 3, करौली में 10 दशमलव 6 और राजधानी जयपुर में 11 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया। इस बीच प्रदेश में कई स्थानों पर कोहरे से जनजीवन पर असर पड़ा है। दौसा में आज घना कोहरा छाया रहा। कोहरे के असर से रेल और सड़क यातायात भी प्रभावित हुआ है। डीग जिले में तेज ठण्ड और कोहरे के असर से जनजीवन पर असर पड़ा है। सर्दी के चलते जिला कलेक्टर ने जिले के सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 10 जनवरी तक अवकाश घोषित किया है। श्रीगंगानगर से हमारे संवाददाता ने बताया कि आज दिनभर कोहरे का असर नजर आया।

..................

मौसम केन्द्र जयपुर के अनुसार राज्य में अगले 4–5 दिन मौसम शुष्क रहने तथा अधिकांश भागों में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने की संभावना है। बीकानेर, जयपुर और भरतपुर संभाग के कुछ भागों में अगले 2–3 दिन घना कोहरा छाया रह सकता है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से 10 से 12 जनवरी के दौरान प्रदेश के कुछ हिस्सों में मावठ होने का पुर्वानुमान है।

000

नई दिल्ली में चल रही 67वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप 2024 में राजस्थान के निशानेबाजों ने अच्छा प्रदर्शन किया है। पुरुषों की 10 मीटर

एयर पिस्टल स्पर्द्धा में राजस्थान के आकाश भारद्वाज ने कांस्य पदक जीता है। इस स्पर्द्धा का स्वर्ण पदक भारतीय सेना के वरुण तोमर ने और रजत पदक प्रद्युम्न सिंह ने हासिल किया। इसके अलावा, पुरुषों की यूथ 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में राजस्थान के मयंक चौधरी ने कांस्य पदक जीता है।

000

पत्र सूचना कार्यालय जयपुर की ओर से "स्वच्छ भारत मेरा गर्व" विषय पर हिन्दी और अंग्रेजी में मीम कॉम्पिटीशन का आयोजन किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में 14 वर्ष से अधिक आयु के लोग भाग के सकते हैं। प्रतियोगिता के विजेताओं को 3000 रुपये का पहला पुरस्कार, 2500 रुपये का दूसरा पुरस्कार और 2000 रुपये का तीसरा पुरस्कार दिया जाएगा। इस प्रतियोगिता में भाग लेने के इच्छुक प्रतिभागी अपने नाम, पते और मोबाइल नंबर के साथ pibjaipurcompetitions@gmail.com पर 31 जनवरी तक अपनी प्रविष्टि भेज सकते हैं। ये प्रतियोगिता 16 से 31 जनवरी तक मनाये जाने वाले स्वच्छता पखवाड़ा के सिलसिले में आयोजित की जा रही है।

000